दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg.No.MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

वर्ष : 11 ● डिजिटल अंक : 103 ● मुंबई, मंगलवार, 10 दिसंबर, 2024 ● प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 2 ● मूल्य-0.00 ● नि:शुल्क ●

## पिंक सिटी में राइजिंग राजस्थान समिट के भव्य शुभारंभ ने बनाया इतिहास

### पीएम मोदी ने आजमाया सांगानेर प्रिंट पर हाथ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत बनाने की मंशाओं को सार्थक करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर सोमवार से जयपुर में प्रारंभ हुए राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट ने निवेशकों के निवेश के अलावा भी राजस्थान को भावी विकास की बहुत सी सौगातें भी दी। विश्व के 32 देशों के प्रतिनिधियों के साथ ही देशभर के निवेशकों ने जहां 35 लाख करोड़ के निवेश की राह प्रशस्त की वहीं राजस्थान की परंपरागत कलाओं और लघु उद्योगों के प्रति भी विश्व भर का ध्यान आकृष्ट किया। सोमवार से शुरू



हुई तीन दिवसीय समिट के तहत आयोजित हुई प्रदर्शनी में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब राजस्थान की परंपरागत सांगानेर प्रिंट, इसकी कार्यप्रणाली और इनके उत्पादों के बारे में जाना तो उन्होंने इस-के प्रति उत्सुकता दिखाई।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर कलाकार से बात की व अपने हाथों से एक ब्लॉक को हाथ में लेकर डिजाइन को अपने हाथों से प्रिंट किया और इस समिट व लोक कलाओं के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई

। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और समिट संयोजक, राजस्थान के उद्योग विभाग के प्रमुख शासन विभाग व रीको चैयरमैन अजिताभ शर्मा भी मौजूद रहे।

## हरे राम हरे कृष्ण संकीर्तन भक्ति सत्संग का हुआ आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** राजहंस मिडिल स्कूल, नारायणपुरा (बडगांव) में अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनात्मक संघ (इस्कॉन) के तत्वाधान में हरे राम हरे कृष्ण संकीर्तन भक्ति सत्संग का आयोजन सोमवार को हुआ।

इस्कॉन के उदय लाल मेनारिया ने श्रीकृष्ण भक्ति, भगवत गीता, कार्तिक मास की महत्ता, तुलसी की महिमा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार, संरक्षण की बात कही। बच्चों ने राधा कृष्ण की वेशभूषा में भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया।

संगीतमय संकीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसएसपी ब्लॉक प्रभारी अनिल स्वर्णकार भींडर, जीतमल गाडरी, मांगीलाल पंड्या दिनेश चंद्र मेनारिया रमेश चंद्र मेनारिया, संतोष देवी, संस्था प्रधान



बाबूलाल पुष्करणा और शिक्षक ओर विद्यार्थीगण मौजूद थे। समापन पर 11 दीपों से श्री कृष्ण की मंगल आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

## एमनेस्टी योजना के तहत प्रकरण का निस्तारण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** आबकारी आयुक्त शिव प्रसाद नकाते के निदेर्शानुसार एमनेस्टी योजना-2024 के तहत वर्ष 2020-21 के पुराने बकाया प्रकरण के तहत बांसवाड़ा के बकायादार अजय कुमार निनामा को प्रेरित 8 लाख 39 हजार 217 रूपए की बाकीयात जमा करते हुए बकाया वसूली के लंबित प्रकरण का निस्तारण किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी बांस-वाड़ा देवेन्द्र कुमार दशोरा ने बताया कि एमनेस्टी योजना 2024 जो कि दिसम्बर 2024 तक लागू है के अन्तर्गत वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 के बकाया प्रकरणों में समस्त ब्याज की माफी तथा मूल बकाया राशि पर 50 प्रतिशत की छूट का लाभ दिया जा रहा है तथा इससे पूर्व के प्रकरणों में समस्त ब्याज की माफी तथा मूलधन पर 75 प्रतिशत की



छूट का लाभ दिया जा रहा है। वर्ष 2020-21 के इस बकाया प्रकरण में मय ब्याज कुल राशि लगभग 30 लाख रूपए बन रही थी लेकिन इस पर बकायादार अजय निनामा ने छूट का लाभ उठाते हुए आबकारी जिला कार्यालय में 8 लाख 39 हजार रूपए का चालान जमा करवाते हुए प्रकरण का निस्तारण करवाया। उक्त प्रकरण के निस्तारण में आबकारी निरीक्षक राजीव सिंह, लेखाधिकारी शैलेष भावसार का योगदान रहा।

## सुरेश हिसावत दूसरी बार बने अडिंदा पार्श्वनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** अतिशय क्षेत्र अडिंदा पार्श्वनाथ मंदिर परिसर कार्यालय में अडिंदा पार्श्वनाथ प्रन्यास ट्रस्ट का चुनाव विधिवत प्रक्रिया से संपन्न हुआ।

जिसमें सुरेश हिसावत को लगातार दूसरी बार ट्रस्ट का अध्यक्ष चुना गया।

सर्व सम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर सुरेश हिसावत को उपस्थित सभी सदस्यों ने फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी। उल्लेखनीय हैं कि सुरेश हिसावत के अध्यक्षीय कार्यकाल में अतिशय क्षेत्र अडिंदा पार्श्वनाथ मंदिर परि-सर में काफी विकास कार्य हुए।

## डूंगरपुर जिले में थाना कोतवाली पुलिस की कार्यवाही

### शराब के लिए मांग रहा था रुपए, नहीं देने पर साथियों के साथ मिलकर मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**डूंगरपुर ।** शहर के कोतवाली थाना पुलिस ने मारपीट करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। शराब पीने के पैसे नहीं देने पर बदमाशों ने मारपीट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बाइक भी जब्त कर ली है। कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि भावेश (19) पुत्र दौलतराम खर-ाड़ी निवासी गुंदी कुंआ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया कि 21 मार्च को दोपहर के समय वह अपने घर की




ओर जा रहा था। रास्ते में बस स्टैंड से आगे जाते ही एक बाइक पर 4 बदमाश आए। बदमाशों ने उसे रोककर शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे देने से मना करने पर चारों ने लात-घूसों से जमकर मारपीट की। इससे उसके सिर से खून निकल आया और चोट आई।

घटना को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। एएसआई अशोक कुमार, कॉन्स्टेबल अर्जुन, चंद्र प्रकाश की टीम ने छानबीन करते हुए आरोपी राहुल निवासी गुंदी कुआ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने वारदात कबूल कर ली है। वहीं उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक को जब्त कर लिया है।

## गौ रक्षा हिंदू दल की प्रदेश कार्यकारणी घोषित, जोशी प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर ।** गौ रक्षा हिंदू दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद नागर राष्ट्रीय महासचिव प्रशांत गुप्ता के निर्देश अनुसार गौ रक्षा हिंदू दल राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष लालूराम पटेल ने प्रदेश कार्यकारणी की घोषणा की जिसमे हरीश पाटीदार डूंगरपुर को प्रदेश महासचिव विकाश तिवारी दौसा को प्रदेश उपाध्यक्ष करण सिंह पंवार उदयपुर को प्रदेश सचिव राजेंद्र डूंगरपुर को प्रदेश महामंत्री शेर सिंह राजसमंद को प्रदेश महामंत्री वजेंग पाटीदार बांसवाड़ा को प्रदेश मंत्री



लाखन मीणा बूंदी को प्रदेश मंत्री अर-विंद कुशवाह प्रतापगढ़ को प्रदेश मंत्री योगेश जोशी उदयपुर को प्रदेश मीडिया प्रभारी कुलवंत नायक बूंदी को प्रदेश कार्यकारणी सदस्य एवम दिलीप तिवारी प्रतापगढ़ को प्रदेश कार्यकारणी सदस्य नियुक्त किया है प्रदेश अध्यक्ष लालूराम पटेल ने बताया की गौ माता की रक्षा एवम गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराने के लिए संघठन कटिबद्ध है एवम गौ माता पर किसी भी प्रकार का संकट आयेगा तो संघठन उसका पूरा विरोध करते हुए हर संकट को दूर करने का प्रयास करेगा उन्होंने कहा की गौ माता में छत्तीस करोड़ देवी देवता विराजमान है यह हमारे लिए पूजनीय है

## उदयपुर जिले में थाना प्रतापनगर पुलिस की कार्यवाही अवैध पिस्टल के साथ एक आरोपी पकड़ा, लोगों में आतंक पैदाकर लूट की थी योजना

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सोमवार को आरोपी रेहान उर्फ कालिया को अवैध देशी पिस्टल व 3 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी हथियार से लोगों में आंतक पैदा कर लूट की योजना बना रहा था।

थानाधिकारी भरत योगी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक रकमपुरा तालाब की तरफ देशी पिस्टल से लोगों को डरा धमकाकर लूट की फिराक में है। घटना की गंभीरता देखते हुए एसपी योगेश गोयल के निर्देश पर टीम गठित की गई। पुलिस की टीम



रकमपुरा तालाब के पास पहुंची। जहां एक युवक मिला। पूछने पर उसने अपना नाम रेहान उर्फ कालिया पुत्र रज्जाक खां निवासी पटेल सर्कल बताया। युवक की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल और 3 जिंदा कारतूस मिले। इसके के बारे पूछने पर उसके पास कोई वैध कागजात नहीं थे। आरोपी से पिस्टल की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## राईजिंग राजस्थान ग्लोबल समिट से वीसी के माध्यम से जुड़े जिले के उद्योगपति व अधिकारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़ ।** जयपुर में सोमवार को राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। इस समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ भारत के अनेक जाने माने उद्योगपति भी उपस्थित रहे। समारोह में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने अपने वक्तव्य से प्रदेश में राईजिंग राजस्थान के अन्तर्गत एम ओ यू करने वाले विभिन्न उद्योगपतियों तथा उद्यमियों का धन्यवाद करने के साथ-साथ राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प दोहाराया। इस प्रदेश स्तर के ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से मिनी सचिवालय के डीओआईटी जनसुनवाई केन्द्र के वीसी कक्ष में जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया



और प्रतापगढ़ जिले में राईजिंग राजस्थान के अन्तर्गत एम ओ यू करने वाले उद्यमी व जिला स्तरीय अधिका-री सम्मिलित हुए। सभी मौजूद जन ने उद्घाटन समारोह देखने के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री व देश के बड़े उद्योगपतियों जिनमें वेदान्ता ग्रुप के चेयरमेन, अडानी ग्रुप के प्रतिनिधि व बिरला समुह के कुमारामंगलम शामिल थे, इन सभी महानुभावों का वक्तव्य सुना। वीसी के दौरान प्रतापगढ़ जिले में उद्योग लगाने के इच्छुक उद्यमियों ने प्रदेश के विकास का संकल्प पुनः दोहराया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने जिले में विभिन्न उद्योगों की स्थापना के साथ जिले के विकास को अधिक गती मिलने की आशा जताई।

# मेवाड़ जनशक्ति दल ने शुरू किया स्वच्छ भारत स्वच्छ उदयपुर अभियान

## शहर के समाजसेवियों ने किया स्वच्छ भारत स्वच्छ उदयपुर के पोस्टर विमोचन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** उदयपुर मेवाड़ जनशक्ति दल के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में आज एक महत्वाकांक्षी अभियान की शुरूआत की, जिसका मुख्य विषय है स्वच्छ भारत स्वच्छ उदयपुर इस अभियान का उद्देश्य उदयपुर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है, जिससे यह शहर पर्यटकों के लिए और भी आकर्षक बन सके। संस्थापक नरेश कुमार शर्मा ने बताया कि उदयपुर की नैसर्गिक सौंदर्य दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करती है लेकिन शहर की स्वच्छता और सुंदरता को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है इसी उद्देश्य से मेवाड़ जनशक्ति दल उदयपुर ने इस अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान की शुरूआत के तहत पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें उदयपुर शहर के समाजसेवी और शहरवासी उपस्थित रहे आने वाले दिनों में शहर के विभिन्न स्थानों पर पोस्टर लगाए जाएंगे। साथ ही, गीत संगीत के माध्यम से लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मेवाड़ जनशक्ति दल के जिला अध्यक्ष देवेंद्र बोयल ने कहा, ₹हमारा उद्देश्य उदयपुर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। हमें विश्वास है कि इस अभियान के माध्यम से हम शहर के निवासियों और पर्यटकों के बीच जागरूकता पैदा कर सकते हैं और शहर को और भी आकर्षक बना सकते हैं।₹ इस अभियान के लिए मेवाड़ जनशक्ति दल ने शहर के विभिन्न समाज संगठनों और समुदायों के साथ सहयोग की अपेक्षा की है। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे और लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं संगठन के मुख्य संरक्षक धीरेंद्र सचान ने स्वच्छता के ऊपर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और हमें इसके लिए निरंतर प्रयास करने चाहिए। संरक्षक गिरीश जोशी ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे समाज और पर्यावरण के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है मुख्य संरक्षक एडवोकेट निर्मल कुमार पंडित और कोडीनेटर स्वच्छ भारत ग्रामीण से के के गुप्ता ने एसएमएस द्वारा शुभकामनाएं दी अंत में संगठन के संरक्षक बाल गोपाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। मेवाड़ जनशक्ति दल के सदस्यों ने कहा, ₹हमें इस अभियान के लिए शहर के निवासियों और पर्यटकों का सहयोग चाहिए। हमें विश्वास है कि हम सब मिलकर हम उदयपुर शहर को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं पोस्टर विमोचन के दौरान उदयपुर के कलाकारों ने संगीत प्रस्तुत करते हुए शहरवासियों ओर समाजसेवियों का मनमोह लिया।



उदयपुर को रामसर साइट में नामांकित करने के लिए भेजे हैं प्रस्ताव

# झीलों को प्रदूषण मुक्त रखने नगर निगम ने किए कई प्रयास

## सांसद डॉ मन्नालाल रावत के प्रश्न पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्री ने दिया जवाब

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने उदयपुर को रामसर साइट के रूप में नामांकित कराने के लिए रामसर सचिवालय को प्रस्ताव भेज रखे हैं। वहीं नगर निगम उदयपुर की ओर से झीलों के प्रदूषण मुक्त रखने के लिए कई प्रयास किए गए हैं।

यह जानकारी पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री श्री कीर्तिवर्धन सिंह ने उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत के संसद में पूछे गए अतारांकित प्रश्न के जवाब में दी। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बताया कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ एंड सीसी) द्वारा राष्ट्रीय जलीय पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण योजना (एनपीसीए) स्कीम के तहत राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। मंत्रालय ने देश भर में आर्द्रभूमियों के संरक्षण और प्रबंधन हेतु विनियामक ढांचे के रूप में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के तहत आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017 अधिसूचित किया है ताकि आर्द्रभूमियों की पारिस्थितिकी विशेषताओं को संरक्षित, प्रबंधित और अनुरक्षित किया जा सके। उक्त नियमों द्वारा अन्य बातों के साथ-साथ, ठोस अपशिष्ट की डंपिंग, उद्योगों, शहरों, कस्बों, गांवों और अन्य मानव बस्तियों से अनुपचारित अपशिष्ट और बर्हिस्राव के निस्सरण जैसी गतिविधियों को प्रतिबंधित किया जाता है। इसके अलावा, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने स्वैच्छिक आर्द्रभूमि शहर प्रत्यायन योजना के तहत आर्द्रभूमि शहर प्रत्यायन हेतु रामसर सचिवालय को भारत के उदयपुर, राजस्थान के नामांकन का प्रस्ताव भेजा है।

राजस्थान राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार, नगर निगम, उदयपुर द्वारा झील के संरक्षण और जल प्रदूषण को रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उदयपुर शहर में 202.77 किमी. की सीवर लाइन बिछाई गई है। अपशिष्ट जल के शोधन के लिए 40 एमएलडी क्षमता वाले 03 मलजल शोधन संयंत्रों का निर्माण किया गया है और झीलों में अपशिष्ट जल को बहने से रोकने के लिए पिछोला झील के आसपास 7 पंपिंग स्टेशन बनाए गए हैं।

# जिला बाल संरक्षण इकाई की जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक

## बच्चों में नशाखोरी रोकने हेतु प्रभावी कदम उठाएं

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिला बाल संरक्षण इकाई की जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक का आयोजन सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मिनी सभागार में जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देशन में एडीएम सिटी वार सिंह की अध्यक्षता में हुआ।

बैठक में चर्चा करते हुए एडीएम वार सिंह ने कहा कि बच्चों में नशाखोरी रोकने हेतु प्रभावी कदम उठाने होंगे, इसके लिए विद्यालयों के आसपास विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नशे की लत से हमारी भावी पीढ़ी बर्बाद हो रही है इससे भावी पीढ़ी को बचाने हेतु सभी का सहयोग अपेक्षित है। इस दौरान बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय बोर्ड कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई साथ ही बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृति, बाल तस्करी के प्रकरणो में की गई कार्यवाही, राजकीय / गैर राजकीय गृह के संचालन आदि के संबंध में चर्चा हुई तथा आवश्यक निर्देश प्रदान किये गए।

बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानव तस्करी विरोधी यूनिट हितेश मेहता, राजकीय किशोर गृह अधीक्षक पंकज पचार, संरक्षण अधिकारी बाल अधिकारिता विभाग राजकुमार जीनगर, बाल कल्याण समिति की यशोदा पणिया, अंजना जोशी, संगीता राव एवं अंकुर टांक, चाइल्ड हेल्पलाइन उदयपुर के समन्वयक नवनीत औदीच्य, आरोग्य सेवा संस्थान के नरपत सिंह सहित विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

# उदयपुर एयरपोर्ट के विस्तार हेतु अधिग्रहित होगी निजी खातेदारी की जमीन

## दो दिवसीय जन सुनवाई 19 दिसंबर से

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** उदयपुर एयरपोर्ट के प्रस्तावित विकास एवं विस्तार के लिये अतिरिक्त 145 एकड भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को आवंटित करने हेतु आसपास क्षेत्र की निजी भूमि अवाप्त किये जाने की कार्रवाई प्रस्तावित है। इस हेतु प्रभावित क्षेत्र के हितधारकों/खातेदारों हेतु 2 दिवसीय जनसुनवाई का आयोजन 19 दिसंबर से होगा।

एसडीएम मावली रमेश सीरवी ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र तहसील मावली के राजस्व ग्राम डबोक, गणोली, तहसील वल्लभनगर के राजस्व ग्राम टुस डांगियान, रावतपुरा, टुस, एवं मंदेसर जिला उदयपुर की बिलानाम एवं खातेदारी भूमि को जनहित में उदयपुर एयरपोर्ट के विकास एवं विस्तार के लिये अतिरिक्त 145 एकड़ भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को आवंटित कराये जाने हेतु इस भूमि में सम्मिलित 126.1010 एकड निजी भूमि अवाप्त किया जाना है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकारी अधिनियम के अनुसार तथा इस संबंध में राज्य सरकार के नियमानुसार उदयपुर एयरपोर्ट के विकास एवं विस्तार के लिये अतिरिक्त 145 एकड़ भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण हेतु भूमि अवाप्ति के लिए सामाजिक समाघात प्रभाव के अंतर्गत सुनवाई का आयोजन किया जाना है।

इस क्रम में दिनांक 19 दिसंबर गुरुवार को ग्राम पंचायत डबोक में दोपहर 3 बजे से जनसुनवाई आयोजित होगी जिसमें ग्राम डबोक एवं गणोली के प्रभावित हितधारक/खातेदार शामिल हो पाएंगे वहीं 20 दिसंबर शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से ग्राम पंचायत टूस डांगियान में टुस डांगियान, रावतपुरा, टुस, मंदेसर के प्रभावित हितधारक/खातेदार शामिल हो सकेंगे।

# तालाब खेडा में जुआ सट्टा पर पुलिस का छापा, 6 गिरफ्तार, 34,000 रुपये और 8 मोबाइल जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**प्रतापगढ़।** जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निदेर्शानुसार, अवैध जुआ सट्टा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थानाधिकारी दीपक कुमार बंजारा के नेतृत्व में प्रतापगढ़ पुलिस ने तालाब खेडा में छापा मारा। मुखबिर की सूचना पर 8 दिसंबर 2024 को पुलिस टीम ने तालाब खेडा कॉलोनी के पीछे एक मकान के पास जुआ खेलते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें जीशान पिता वहीदउल्ला खान, मुस्ताक पिता युनुस खान, इफ्तिकार हुसैन पिता मोहम्मद हुसैन, निलेश पिता रमेश रैदास, नूर मोहम्मद पिता मंजूर हुसैन और कासिम मोहम्मद पिता नार मोहम्मद शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों से 34,000 रुपये नकद, 8 मोबाइल फोन और जुआ सामग्री बरामद की गई। पुलिस को कार्रवाई के दौरान दो आरोपी भागते दिखे। मकान की तलाशी लेने पर एक कमरे में 11 मोटरसाइकिलें बरामद हुईं, जिन्हें जब्त कर लिया गया। आरोपियों के खिलाफ थाना प्रतापगढ़ में प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस टीम में थानाधिकारी दीपक कुमार बंजारा, उपनिरीक्षक पारस कुमार, रामावतार, धुडाराम, प्रकाशचंद्र, कांस्टेबल सोनू, राजवीर, गोविंद, मुकेश, जगमाल, सश्री गायत्री और प्रभुलाल शामिल थे। फरार आरोपियों की तलाश जारी है, और बरामद मोटरसाइकिलों की जांच की जा रही है।

# अक्षय तृतीया पर होगा सर्वसमाज के 11 जोड़ा का सामूहिक विवाह

## जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

### सामूहिक विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन 15 जनवरी से होंगे शुरू

**उदयपुर।** जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी एवं संरक्षक एडवोकेट निर्मल कुमार पण्डित के निर्देशन में जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन की बैठक सोमवार को प्रताप नगर स्थित निजी होटल पर सम्पन्न हुई। जिसमें अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने बताया कि सभी पदाधिकारियों ने चर्चा करते हुए आगामी अक्षय तृतीया पर जय एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन की ओर से सर्व समाज के 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। बागड़ी ने बताया कि आगामी 30 अप्रेल 2025 को यह आयोजन

**बागड़ी ने बताया कि आगामी 30 अप्रेल 2025 को यह आयोजन करने का निर्णय लिया गया। समाजसेवी एवं सरंक्षक एडवोकेट निर्मल कुमार पण्डित ने बताया कि इस संगठन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता, चिकित्सा सेवा, पर्यावरण की रक्षा एवं महिला उत्थान को लेकर अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर इनका प्रात्सोहन करना है।**

अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर इनका प्रात्सोहन करना है। इस नए संगठन से मानव सेवा एवं करना, असहाय, गरीबों को आगे बढ़ाने, बिखरा हुए सर्व समजजनों को एक माला में पिरोने का कार्य करेंगे। साथ ही समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी, संरक्षक निर्मल पण्डित, राष्ट्रीय सचिव मोहनलाल सुथार, कोषाध्यक्ष प्रेमकुमार सुथार, उपाध्यक्ष लालचंद खटीक, मंत्री राजेश कुमार खटीक, उप सचिव भरत कुमार रेगर व जिलाध्यक्ष जसवंत तेली, प्रदेशाध्यक्ष मनीष पोखरना, महिला विंग प्रदेशाध्यक्ष संतोष तंवर, जिला उपाध्यक्ष विष्णु चंदेल, सलूम्बर जिला उपाध्यक्ष कैलाश कलाल, संगठन मंत्री खेमराज पटेल, सलूम्बर जिलाध्यक्ष अनिल सुथार, जिला उपाध्यक्ष नाथूलाल धनघर आदि मौजूद रहे।

# गीता जयंती पर आलोक सीनियर सेकंडरी स्कूल में प्रेरणादायक सत्र आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** गीता जयंती के उपलक्ष्य में आलोक सीनियर सेकंडरी स्कूल, सेक्टर 11 में बुधवार को एक प्रेरणादायक गीता व्याख्यान सत्र आयोजित हुआ। सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को गीता के ज्ञान से अवगत कराना और उनके जीवन में सकारात्मकता का संचार करना था।

मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया मोटिवेशनल स्पीकर आशीष सिंहल ने गीता के महत्वपूर्ण सूत्र ₹योगस्थः कुरु कर्माणि₹ की व्याख्या करते हुए विद्यार्थियों को परिश्रम, एकाग्रता और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने जीवन में सफलता पाने के लिए गीता के संदेश को आत्मसात करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

ध्यान विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को एक विशेष ध्यान सत्र करवाया, जिसमें बच्चों को शारीरिक और मानसिक शांति प्राप्त करने के सरल तरीकों का अनुभव कराया गया। यह ध्यान सत्र बच्चों में आत्मविश्वास और ऊर्जा बढ़ाने का माध्यम बना।

गीता मर्मज्ञ सुभाष चंद्र मेहता ने गीता प्रार्थना और एक प्रेरक गीत प्रस्तुत किया, जिसने पूरे माहौल को आध्यात्मिकता से भर दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन को गीता की प्रति भी भेंट की गई।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शशांक टांक ने सभी अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त किया और उन्हें मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को गीता के महान संदेशों को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी।

# महासाध्वी सोहन कुंवर महिला समिति की साधारण सभा सम्पन्न

## आचार्य भगवंतों का गुरु गुण गान किया

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** महासाध्वी सोहन कुंवर महिला समिति की साधारण सभा सोमवार को तारक गुरू जैन ग्रन्थालय में नवकार मंत्र जाप के साथ शुरू हुई। महासाध्वी सोहन कुंवर महिला समिति की सचिव नीता छाजेड़ ने बताया कि साधारण सभा में आचार्य भगवंतों का गुरु गुण गान किया गया। अध्यक्ष सुमित्रा सिंघवी ने वर्ष भर में किए गए सेवा कार्य एवं धर्म के कार्यों पर, तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।

समिति में वरिष्ठ सदस्यों का शब्दों से सम्मान किय। साथ ही बताया कि आगे और भी कई सेवा कार्य किए जाएंगे समिति सभा में वरिष्ठ सदस्याएं भी उपस्थित थी। सभी का आभार हेमा सिंघवी ने किया।




# शिल्पग्राम उत्सव 2024 हेतु स्टॉलों की खुली निलामी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कतिक केन्द्र, उदयपुर द्वारा आयोजित शिल्पग्राम उत्सव - 2024 हेतु शिल्पग्राम परिसर में खाने के व्यंजन/फूड, आइस्कीम आदि स्टॉलों की खुली बोली द्वारा निलामी शिल्पग्राम परिसर में की जावेगी।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कतिक केन्द्र, उदयपुर केन्द्र निदेशक फुरकान खान ने बताया कि खाने के व्यंजन/फूड स्टॉल की खुली निलामी दि. 11 दिसम्बर 2024 को, आईस्क्रीम, ज्यूस स्टॉल व गन्ने का रस, गुड, बैल चालित चरखिया तथा शिल्पग्राम चौपाल ढाबा दि. 12 दिसम्बर 2024 को तथा खुरजा पोट्री, कारपेट सहारनपुर, लकड़ी फर्निचर की खुली निलामी 13 दिसंबर 2024 को शिल्पग्राम परिसर में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगी।

# रामनगरिया थाना पुलिस ने चोरी का खुलासा कर आरोपी को किया गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** जयपुर पूर्व क्षेत्र में चोरी और नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस उपायुक्त तेजस्वनी गौतम के निर्देशन और पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ के आदेशानुसार विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में रामनगरिया थाना पुलिस ने एक बड़ी चोरी का खुलासा करते हुए शातिर आरोपी सोनू कुमार को गिरफ्तार किया। दिनांक 04 दिसंबर को परिवादी सुभाष गुप्ता ने रामनगरिया थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उनके घर से 40 से 50 ग्राम सोने की ज्वेलरी और घरेलू सामान चोरी हो गया। सीसीटीवी फुटेज की जांच में एक युवक चोरी करते हुए नजर आया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आशाराम चौधरी, सहायक पुलिस आयुक्त विनोद कुमार शर्मा और थानाधिकारी अरुण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मैनुअल पुलिसिंग के जरिए आरोपी सोनू कुमार को गिरफ्तार किया। टीम में एएसआई कैलाशचंद, कॉन्स्टेबल मुनेश, लोकेन्द्र पाल सिंह और राहुल शामिल थे। सोनू कुमार, उम्र 20 वर्ष, निवासी बामनवास, गंगापुर सिटी, वर्तमान में रामनगरिया क्षेत्र के विनायक एन्क्लेव में किराए पर रह रहा था। आरोपी दिन में सूने मकानों की रेकी करता और रात में चोरी की वारदात को अंजाम देता था। सोनू कुमार ने खाली मकान को चिन्हित कर रात के समय नकबजनी की। चोरी की गई ज्वेलरी को पहचान मिटाने के लिए पिघला दिया था। आरोपी पर पहले भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं। वहीं पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पिघली हुई ज्वेलरी बरामद कर ली है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक – पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय – गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित। मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in, नोटः (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।